>

Title: Need to provide special package for development of tourist spots in Gaya, Bihar.

**श्री विजय कुमार (गया):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं पहली बार गया संसदीय क्षेत्र से जीतकर आया हूं। आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसलिए मैं तहे दिल से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं ।

मैं गया संसदीय क्षेत्र का एक अहम मुद्दा उठाने का काम कर रहा हूं । गया विष्णुपद एवं पिंडदान के लिए एक महत्वपूर्ण धर्मस्थल है । हिन्दु धर्म में यह बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है । वहां पर मोक्ष भूमि है, जहां पितरों का मोक्ष होता है । गया में पानी लगभग 70 से 80 फीट नीचे चला गया है, इसलिए हम चाहते हैं कि विशेष पैकेज देकर वहां वेयर बांध का निर्माण हो । गया में आने वाले लोगों की सहूलियत के लिए बियर बांध का निर्माण किया जाए । बोधगया एक महत्वपूर्ण टूरिस्ट प्लेस है । यहां बौद्ध धर्म के बहुत से अनुयायी रहते हैं और दलाई लामा जी भी आते रहते हैं । हम चाहते हैं कि एक विशेष पैकेज दे कर निरंजना नदी पर एक वेयर बांध का निर्माण करके पानी के ठहराव की व्यवस्था की जाए एवं नदी के दोनों तरफ पार्क के निर्माण के साथ-साथ बनारस के तौर पर विकसित किया जाए ।

महोदय, इसी सदन में मेरी माँ भगवती देवी ने पत्थर तोड़कर लोक सभा में पहुंचने का काम किया था । यहां माननीय रामविलास जी है, वह भी मेरी माँ के साथ 1996 में लोक सभा सदस्य रहे हैं । मैं इस सदन से उनका नमन करना चाहता हूं और गया संसदीय क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं ।

महोदय, बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी ने बिहार में ‘हर घर नल जल’ सहित कई योजनाएं चलाई हैं, लेकिन इसके लिए भारत सरकार

का समर्थन भी अनिवार्य है। मैं माननीय प्रधानमंत्री तथा जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे मेरी मांगों को पूरा करने का काम करेंगे।

जय हिन्द।